>

Title: Need to run the passenger trains between Samdari and Bhiladi in Rajasthan and link these places with metros and other parts of the country.

श्री देवजी एम. पटेल (जालौर): समदड़ी-भीलड़ी के मध्य रेलवे लाइन डाली जा चुकी है। यह करीब एक वर्ष से तैयार है और इस मार्ग पर मालगाड़ियाँ चलाई जा रही हैं लेकिन अब पैसेंजर गाड़ी शुरू की गयी है।

इसलिए आपके माध्यम से रेल मंत्री जी से निवेदन करना चाहूँगा कि इस लाइन पर जल्द से जल्द पैसेंजर ट्रेन चलाई जाए और दक्षिण भारत के शहर जैसे बैंगलोर, चेन्नई, हुबली और भारत के मेट्रो शहर-मुम्बई, दिल्ली, अहमदाबाद से जोधपुर वाया समदड़ी-भीलड़ी होते हुए ट्रेनों की सुविधा शुरू करावें ताकि वहाँ से प्रवासी बंधु जो अपने क्षेत्र से निकलकर मेहनत करने वहाँ जाते हैं, उन्हें अपने घर पर आने-जाने की सुविधा मिल सके।